हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 फरवरी, 2025

13 रोड सेफ्टी क्विज में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



14 कार को टक्कर मारने के बाद टोल बूथ में घुसा ट्रक





## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। विधायक नीलम कृष्ण राठी के साथ चेयरपर्सन सरोज राठी।

### चेयरपर्सन ने विधायक नीलम को दी बधाई

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने नजफगढ़ विधानसभा से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक नीलम कृष्ण पहलवान का स्वागत व सम्मान किया। सरोज राठी ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर नजफगढ़ विधानसभा से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक नीलम कृष्ण पहलवान को जीत की बधाई दी। मौके पर पार्षद ज्योति पवन रोहिल्ला, राजेश तंवर, मनमोहित, सुमित बराही आदि मौजूद थे।

### सांखोल गांव में कार्यक्रम आज

**बहादुरगढ़।** संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को गांव सांखोल में स्थित रविदास भवन में कार्यक्रम का आयोजन होगा। आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई है। समस्त ग्रामवासियों की ओर से यह आयोजन किया जा रहा है।

### आसाराम आश्रम में मातृ पितृ पूजन दिवस आज

**बहादुरगढ़।** बुधवार 12 फरवरी को पूर्णिमा के विशेष अवसर पर बामड़ोली रोड स्थित स्थानीय आसाराम आश्रम में मातृ, पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। आश्रम प्रवक्ता नवीन मल्होत्रा ने बताया की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा।

### फैमिली आईडी में त्रुटियों से लोगों को हो रही परेशानी

**बहादुरगढ़।** कई बार सर्वे होने के बाद भी फैमिली आईडी संबंधित त्रुटियां ठीक नहीं हो पा रहीं। आईडी में किसी की इनकम गलत है तो किसी की अन्य खामियां हैं। अपडेट कराने जाएं तो पोर्टल काम नहीं करता। इस वजह से लोग परेशान हैं। शहर के निवासी धर्मवीर सैनी का कहना है कि परिवार पहचान पत्र बहुत से लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। कई लोग ऐसे हैं, जिनकी इनकम गलत दशाई गई है। प्रतिमाह 9 हजार रुपये कमाने वाले व्यक्ति की आय पांच लाख दिखाई जा रही है।

### वाहन चोरी की बढ़ रही वारदात

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहन चोरी की वारदात लगातार बढ़ रही हैं। आए दिन किसी न किसी कॉलोनी से वाहन उठाए जा रहे हैं। अब चार और लोगों ने पुलिस को शिकायतें दी हैं। आसौदा के निवासी सचिन का कहना है कि 9 फरवरी को उसने अपनी बाइक सेक्टर-6 की पहली पुलिया के पास खड़ी की थी। फिर कहीं चला गया। वापस आया तो बाइक नहीं मिली। सेक्टर-2 के निवासी सचिन ओबराय का कहना है कि उसने अपनी गाड़ी मकान के सामने खड़ी की थी। दस फरवरी की सुबह देखा तो गाड़ी नहीं मिली।

### जीत पर खेल प्रेमियों ने खुशी जताई

# नेशनल गेम्स सहित कई राज्यों में छाए बीआरजी के धावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

उत्तराखंड में आयोजित नेशनल गेम्स तथा अलवर, कोची, कलकत्ता, नोएडा व गुरुग्राम आदि शहरों में आयोजित दौड़, मैराथन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावक छाए रहे। यहां के कई धावकों ने पदक जीते। इनकी जीत पर खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है।

बीआरजी की धावक हीना फोगाट ने उत्तराखंड में चल रहे 38वें नेशनल खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्राइथल इवेंट में स्वर्ण व तीन किमी दौड़ में कांस्य पदक जीता। मेडल सेरेमनी में हीना फोगाट को उत्तराखंड की पारंपरिक टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें उत्तराखंड गेम्स का टाइटल देकर भव्य अभिनंदन किया गया।

वहीं अलवर टाइगर हाफ मैराथन में भी बीआरजी छाई रही और कई पदक व सम्मान हासिल किए। दस किलोमीटर की 50 से 59 आयुवर्ग में धर्मवीर सैनी ने सातवां, राजेश ने पांचवां, 60 प्लस में राज कपूर ने तीसरा, 40 से 49 आयुवर्ग में रोहताश ने 14वां स्थान पाया। वहीं 21.1 किमी मैराथन में नरेंद्र जांगड़ा 40 से 49 आयुवर्ग में आठवें तथा गुलाब सिंह 30 से 39 आयुवर्ग में 18वें स्थान पर रहे। दस किमी दौड़ में 10 दस तथा 21.1 किमी मैराथन में 20 धावकों को पुरस्कार मिला।



बहादुरगढ़। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

नोएडा ग्रांड मैराथन में दीपक छिल्लर, बादल तेवतिया ने 21 किमी (हाफ मैराथन) में, नीरज छिल्लर ने 16 किमी, सुखविंदर कौर ने पांच किमी मे पेसर की भूमिका निभाई। चारु ने 45 प्लस में पहला और गीता ने तीसरा स्थान पाया। ट्राल ए थोन जंगल रन गुरुग्राम में बीआरजी के सत्यवान डागर, विहान छिल्लर, अभिषेक माथुर, सुनील कुमार, सुमित राणा, सन्नी राणा, नीरज छिल्लर, सुभाष रावत, अनुराग, सुनील कश्यप, कौशल शर्मा, धीरज यादव, गौरव सैनी, रजत कौशिक, नितेश कुमार, विजय कुमार, वरुण, सुबोध चौरसिया, परमेश गुप्ता, रविंदर दहिया, देवेंद्र सिंह रावत, अमनदीप, सुनील सीकरी, सरनाम सिंह, अरुण विजयरन, डॉ. इमरोज़, राजीव, शमशेर सिंह, राजेंद्र पाल सिंह ने भाग लिया। वहीं, उरीरेई देवी ने कोलकाता में अपनी पहली 21 किमी हाफ मैराथन सफलतापूर्वक पूरी की। नरेंद्र ने कोचीन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप की मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई।

### राष्ट्रीय खेलों में मीनाक्षी ने जीते तीन मेडल

**बहादुरगढ़।** उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में गांव दूबलधन की मीनाक्षी छाई रही। शानदार प्रदर्शन करते हुए मीनाक्षी पुत्री नरेंद्र ने टीम इवेंट और एकल इवेंट में तीन मेडल जीते। उसकी जीत पर परिजनों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है। मीनाक्षी ने साइकिलिंग के दस किलोमीटर स्क्रेच रेस इवेंट तथा ओमनियम इवेंट में कांस्य पदक जीते। जबकि टीम इवेंट के चार किलोमीटर परसूट में गोल्ड मेडल जीता। मीनाक्षी के प्रदर्शन पर परिजन गदगद हैं। जीतकर घर लौटने पर उसका अभिनंदन किया जाएगा।




बहादुरगढ़। सचिव नीरज तंवर के साथ मीनाक्षी।



बहादुरगढ़। गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश।

### विधायक ने किया तीन गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून ने अपने पैतृक गांव में तीन गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। डी-प्लान के तहत नूना माजरा में दो गलियां तथा लोवा खुर्द में सरकारी स्कूल के अंदर वाली गली का निर्माण होगा। विधायक राजेश जून ने ठेकेदार से कहा कि गलियों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए ताकि लंबे समय तक गांव के लोगों को इन गलियों से आवागमन की बेहतर सुविधा मिलती रहे। विधायक ने ग्राम वासियों से कहा कि आप लोग भी इन गलियों के निर्माण कार्य पर नजर रखें। गांव में पहुंचने पर विधायक राजेश जून का ग्राम वासियों ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर, बलराज दलाल, नरेश छिकारा, मुंडू पहलवान, मोहन व गांव के मास्टर सुदर्शन, विनोद प्रधान लोवा खुर्द, सतबीर, शंकर जून, राजेश, विपिन, जग्गनाथ, जयभगवान आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को फूलों का गुलदस्ता भेंट करते अधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी का अभिनंदन

**बहादुरगढ़।** प्रिंसिपल व डाइट मदीना वीरेंद्र मलिक ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी झज्जर के रूप में अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया है। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, जिला निपुण संयोजक डॉ. सुदर्शन पुनिया, डाइट मदीना से मनजीत, सुमन, सुनील और राजबीर आदि उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नी सहारण, भारत विकास परिषद के जिला समन्वयक सतीश शर्मा, सत्यदेव राठी सहित अन्य शिक्षकों ने वीरेंद्र मलिक को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। उनका अभिनंदन किया तथा आशा व्यक्त की कि उनके कुशल नेतृत्व में झज्जर जिले का शिक्षा तंत्र और अधिक सशक्त होगा।



बहादुरगढ़। ग्रीन बेल्ट का जायजा लेते सैनी।

### कब्जा मुक्त होंगी ग्रीन बेल्ट

**बहादुरगढ़।** शहर के रिहायशी सेक्टरों में अवैध कब्जे हटवाकर ग्रीन बेल्टों को सोंद्रीयकरण करवाया जाएगा। यह कहना है पूर्व पार्षद एवं ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य जसबीर सैनी का। सैनी मंगलवार को सेक्टर 9 में ग्रीन बेल्ट का जायजा लेने पहुंचे थे। सैनी ने कहा कि अधिकारियों की मिलीभगत के कारण सेक्टर की ग्रीन बेल्टों पर अवैध कब्जे हैं। इन कब्जों को जल्द हटवा सेक्टर की ग्रीन बेल्टों का सौंदर्यकरण करवाया जाएगा। सैनी ने कहा की मुख्यमंत्री नायब सैनी से इस विषय को लेकर बात हुई है। जल्द ही इस दिशा में काम शुरू होगा।

## शोध पत्र लेखन पर हुआ विस्तार व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में शोध पत्र लेखन में तकनीकी प्रयोग विषय पर एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय की रिसर्च कमेटी व साइंस डिपार्टमेंट के सहयोग से किया गया। एमडी यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रोफेसर डॉ. संदीप दलाल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।

डॉ. संदीप दलाल ने कहा कि आए दिन आने वाली सामाजिक समस्याओं से निजात पाने के लिए वैज्ञानिक विधि का सहारा लेकर उनका समाधान करना व जिज्ञासा का हल ढूंढना ही अच्छे शोध का मुख्य कारण है। शोध पत्र में आने वाली समस्याओं जैसे जटिल घटनाएं, मापन, प्रमाणिकता, आसानी से आंकडे उपलब्ध न होना, अवधारणा की समस्या के समाधान के लिए टेक्नोलॉजी हमारी मदद करती है। अच्छी गुणवत्ता वाले सॉफ्टवेयर पैकेज का उपयोग आपके शोध पत्र भी गुणवत्ता का मूल्यांकन करने में मददगार होता है।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि आज प्रौद्योगिकी लगातार हमारे काम करने, सृजन करने व संबाद करने के तरीकों को बदल रही है। ऑफिसिएटिंग प्रिंसिपल सुजाता वर्मा ने कहा कि अच्छी टेक्नोलॉजी का प्रयोग छात्राओं के सीखने के परिणामों में तेजी लाकर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। रिसर्च कमेटी प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी की प्रगति से शोध पत्र लेखन में परिवर्तनकारी अवसर पैदा हो रहे हैं। डॉ. भारती मिश्रा ने बताया कि वैश्वीकरण के वर्तमान दौर में उच्च शिक्षा भी गुणवत्ता के सुधार व इसके महत्व को बनाने हेतु शोध परिहार है। मंच संचालन अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. दीपिका ने किया।



बहादुरगढ़। कार्यशाला में सिलाई सीखती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### कार्यशाला में छात्राओं ने सीखी सिलाई

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय सिलाई कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हो गई। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी पूनम शर्मा के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ था। महालक्ष्मी बुटीक की संचालिका संतोष को विशेषज्ञ के रूप में बुलाया गया था। छात्राओं ने कुर्ती, प्लाजो व ब्लाउज की कटिंग व सिलाई सीखी। नई सीखने वाली छात्राओं ने अखबार पर कटिंग व ड्राफ्ट बनाना सीखा। विशेषज्ञ द्वारा पॉकेट सिलाई व गले के विभिन्न डिजाइन सिखाए गए। कुर्ती सिलाई प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें एमए भूगोल प्रथम वर्ष की कीर्ति व नितिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय पुरस्कार जीता। प्रिंसिपल ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की व विजेताओं को पुरस्कार राशि प्रदान की। अन्य स्टाफ सदस्य आरती व डॉ. बेबी कार्यशाला के दौरान मौजूद रहीं और छात्राओं को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।



बहादुरगढ़। छात्राओं को जानकारी देते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

### छात्राओं को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की जानकारी दी

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय ने सेवियर एजुकेशन अब्रॉड के सहयोग से अपने विद्यार्थियों के लिए 'विदेश में अध्ययन के अवसर' पर एक सेमिनार आयोजित किया। सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बारे में जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। सेवियर एजुकेशन अब्रॉड के विशेषज्ञों द्वारा सेमिनार का संचालन किया गया, जिन्होंने विदेश में अध्ययन करने के अपने ज्ञान और अनुभव साझा किए। विदेश में अध्ययन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिसमें विदेशी विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के अवसर, छात्रवृत्ति विकल्प, वित्तीय सहायता, वीज़ा प्रक्रिया, सांस्कृतिक अनुकूलन और विदेश में रहना शामिल था। प्रिंसिपल अलका गुलाटी ने कहा कि हम अपनी छात्राओं को उनकी क्षमता का पता लगाने और उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सेमिनार का आयोजन महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा किया गया था। इस अवसर पर प्लेसमेंट सैल की प्रभारी डॉ. शीतल व डॉ. ललिता, डॉ. आशिमा, डॉ. शशि भारद्वाज आदि सदस्य मौजूद रहे।

## कैंप में 115 विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

नाहरा-नाहरी रोड स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेताजी नगर की टीम ने विद्यार्थियों व शिक्षकों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें स्वस्थ रहने के लिए उचित परामर्श दिया। शिविर में 115 विद्यार्थियों व शिक्षकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉ. निशांत कादयान व डॉ. रवि के साथ स्टाफ नर्स सोनिया, एएनएम राजेश व लैब टेक्निशियन हरिपाल भी मौजूद रहे। बच्चों को बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान दिए जाने, पौष्टिक भोजन लेने व समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल शीला देवी, शिक्षक उमेद, सविता, बबीता, सुमन, निशा, सरोज बाला आदि मौजूद रहे।

### संत रविदास की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान

**बहादुरगढ़।** संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम हुआ। स्वयंसेविकाओं ने स्लोगन बनाकर संत रविदास जयंती पर जागरूक किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि गुरु रविदास ने अपने जीवन में कई गीत, दोहे और भजनों की रचना की, जो आज के समय में भी मानव मात्र को प्रेरित कर रहे हैं। उनकी रचनाओं में आत्मनिर्भरता, सहिष्णुता और एकता का संदेश मिलता है। इन्होंने अपनी रचनाओं में समाज से जातिवाद, भेदभाव और सामजिक असमानता के भाव को हटाकर भाईचारे तथा सहिष्णुता का भाव अपनाने का संदेश दिया। यह आयोजन वाईआरसी प्रकोष्ठ व अहिल्याबाई सदन द्वारा किया गया।



बहादुरगढ़। प्रिंसिपल के साथ स्लोगन दिखातीं छात्राएं।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद बीके अंजलि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीणों को बताया शिव जंयती का महत्व

**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से निलोठी गांव में शिव जयंती का त्योहार हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। बहादुरगढ़ ब्रह्माकुमारीज केंद्र की मुख्य संचालिका बीके अंजलि ने लोगों को शिव जयंती पर्व का आध्यात्मिक अर्थ स्पष्ट किया। आज जो हम शिव जयंती के पर्व पर रस्म रिवाज निभाते हैं, वह परमात्मा द्वारा बताई गई सूक्ष्म शिक्षाओं का ही प्रतीक है। शिव जयंती वाले दिन हम व्रत भी रखते हैं। इसका आध्यात्मिक अर्थ हमें बुराइयों को खत्म करने का व्रत रखना है तथा समाज में मिलकर प्रेम से रहना है। हम एक परमात्मा की संतान हैं। उनके गुण स्वयं में धारण करने हैं तथा एक अच्छा नागरिक बनना है। गांव की सरपंच शर्मिला ने सभी को शिव जयंती की बधाई दी। समाज सेवक ओमप्रकाश ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा किए जा रहे समाज के विकास के कार्यों को सराहा। बीके पूनम और सुमनन ने सभी ग्राम वासियों को शिव जयंती की बधाई दी।

### जसोरखेड़ी कॉलेज में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम मंगलम संपन्न

# मेहंदी में नेहा और रंगोली में तनीशा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय जसोरखेड़ी में आयोजित संस्कृत कार्यक्रम मंगलम के दूसरे दिन भी छात्राओं ने अपने हुनर की छाप छोड़ी। कविता, नृत्य और गीतों के जरिये अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अंतर्गत डॉ. पूनम की देखरेख में करवाए जा रहे कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को सोलो डांस, ग्रुप डांस, कविता वचन और गीत गायन आदि गतिविधियां हुई। कार्यक्रम प्रारंभ महाविद्यालय प्रभारी संदीप किराड के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने और अन्य ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लेने को प्रेरित किया। समापन अवसर पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पोस्टर मेकिंग में रवीना, रंगोली और स्लोगन में तनीशा, मेहंदी में नेहा, निबंध लेखन में समीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस में नीतू, प्रथम और कशिश दूसरे स्थान पर रही। गायन प्रतियोगिता में नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समारोह के अंत मे डॉ. पूनम ने सभी स्टाफ सदस्यों और छात्राओं का कार्यक्रम को सफल बनाने कि लिए धन्यवाद दिया। मौके पर डॉ. सुनैना, डॉ. सुनील, अजय आदि मौजूद थे।







बहादुरगढ़। कार्यक्रम के दौरान हरियाणवी नृत्य करतीं छात्राएं व कार्यक्रम समापन पर शिक्षक व सर्टिफकेट्स के साथ छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## उत्साह के साथ मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

अशोका इंटरनेशनल विद्यालय का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार प्रस्तुतियां दी।

मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य बीएड कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने शिरकत की। छात्र युगल, करीना, वंश रुहिल को खेलों में तथा तनिषा और खुशी दलाल को बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर विद्यालय की ओर से नकद पुरस्कार देकर अतिथि नप चेयरपर्सन सरोज राठी द्वारा सम्मानित किया गया। सत्र 2023-24 और 2024-25 के टॉपर छात्रों को शैक्षणिक पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने 'पिरामिड' प्रस्तुति के माध्यम से सभी को ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। छात्र ओम को अशोक इंटरनेशनल स्कूल के साथ काम करने के लिए 'इंटर्नशिप पत्र' प्रदान किया गया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की। विद्यालय की प्रिंसिपल ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की निदेशिका विजय लक्ष्मी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। जिला पार्षद अंकुर, एडवोकेट अशोक अलाहवत, अजय ग्रेवाल, एनएस कपूर, डॉ. नरेश वत्स, सरपंच राजेश यादव, पूनम, प्रदीप, पूर्व सरपंच रवींद्र, संजय दीक्षित, हिमांशु, ज्योति , राज कुमार अरोड़ा, सुभाष शर्मा व धर्मवीर धनखड़ आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

**खबर संक्षेप**



## 79 हजार 324 लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन कार्य पूरा

**झज्जर।** हर घर-हर गृहिणी योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से योजना के लाभार्थियों के पंजीकरण को लेकर विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। विशेष कैंपों के जरिये जिले में 44.18 प्रतिशत लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। डीएफएसपी अशोक शर्मा ने बताया कि समय से पहले शत-प्रतिशत पात्र परिवारों को पंजीकरण कार्य पूरा करने के लिए प्रयास किए जा रहे है। वे स्वयं फील्ड में आयोजित हो रहे रजिस्ट्रेशन कैंपों का निरीक्षण कर रहे हैं। जिले में कुल 1 लाख 77 हजार 649 पात्र लाभार्थी हैं। अब तक जिले में 79 हजार 324 लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन पूरा किया जा चुका है।

## शक्तिवेश के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आज

**झज्जर।** शहर के सिलानी गेट स्थित टिल्ला मोहल्ला में बारह फरवरी को स्वामी शक्तिवेश महाराज के 36वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में गायत्री महायज्ञ एवं श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्राचीन शिव मंदिर में होने वाले इस कार्यक्रम के संयोजक पंडित जयभगवान आर्य ने बताया कि समारोह के दौरान जहां यज्ञ-भजन व प्रवचन होगा वहीं आमंत्रित साधु, संतों व विद्वानों का अभिनन्दन भी किया जाएगा।

### सातवीं हरियाणा राज्यस्तरीय रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता पंचकूला में आयोजित

# रोड सेफ्टी क्विज में एचडी साल्हावास के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

■ विजेता विद्यार्थियों को स्मार्ट वॉच, ट्राफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को सातवीं हरियाणा राज्य स्तरीय रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता पंचकूला में आयोजित की गई। जिसमें एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के पहली से पांचवी कक्षा वर्ग में पूरे हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। वहीं नौवीं से बारहवीं वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के एनटीएसई एक्सपर्ट आशीष यादव ने बताया कि कक्षा पहली से पांचवी वर्ग में लक्ष्या मोर, अरनाया यादव व सिया की टीम ने पूरे हरियाणा में प्रथम और कक्षा नौवी-बारहवीं वर्ग में छवि शर्मा, अंकिता जाखड़ व प्रियांशु जाखड़ की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता में डीजीपी शत्रुजीत सिंह कपूर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और विजेता विद्यार्थियों को स्मार्ट वॉच, ट्राफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि एचडी संस्था के विद्यार्थी हर क्षेत्र में जिले व राज्य का नाम रोशन कर रहे है। एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया, प्राचार्य सतबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। होनहार विद्यार्थी मुख्यातिथि और स्कूल स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए सीटीएम मनीष कुमार।

## सीटीएम ने सुनी समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं, जल्द समाधान के दिए निर्देश

**झज्जर।** लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम मनीष कुमार ने लोगों की शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। शिविर में भूमि संबंधी विवाद, पेंशन, राशन कार्ड, बिजली-पानी की समस्याएं, पारिवारिक पहचान पत्र और अन्य प्रशासनिक कार्यों से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। शिविर में 13 शिकायतें दर्ज हुई। सीटीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निपटाएं, ताकि लोगों को अनावश्यक दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।


झज्जर। शिविर में स्वास्थ्य जांच कराते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

## शिविर में 548 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**झज्जर।** संस्कारम हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर पाटौदा द्वारा छव्वा गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच के अलावा मुफ्त चिकित्सा सलाह व आवश्यक दवाइयां प्रदान की गई। शिविर में कुल 548 मरीजों ने अपनी स्वास्थ्य कराई। विशेष रूप से स्त्री रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन और पंचकर्म थेरेपी विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं। पंचकर्म थेरेपी के माध्यम से ग्रामीणों को प्राकृतिक चिकित्सा और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। शिविर के दौरान ईसीजी के माध्यम से हृदय संबंधी रोगों की जांच की गई, साथ ही कुछ गंभीर बीमारियों के लिए लैब टेस्ट के लिए रक्त के नमूने भी एकत्र किए गए। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि उनके संस्थान में आयुर्वेद की पंचकर्म थेरेपी द्वारा विभिन्न रोगों का उपचार किया जाता है। इसमें वमन, विरेचन, बस्ती, नस्य और रक्तमोक्षण जैसी चिकित्सा विधियां शामिल हैं। शिविर के दौरान चिकित्सकीय टीम द्वारा लोगों को जोड़ों के दर्द, अकड़न, ऐंठन और सूजन जैसी समस्याओं से बचने के उपाय भी बताए।


झज्जर। निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

# निबंध प्रतियोगिता में संजू ने प्राप्त किया पहला स्थान

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में हिंदी एवं संस्कृत विभाग में संत रविदास जयंती के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जबकि यूथ रेडक्रॉस क्लब तथा एनएसएस द्वारा एलबेंडाजोल टेबलेट का वितरण किया गया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने कहा कि कृमि संक्रमण से बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इसकी रोकथाम के लिए एलबेंडाजोल जैसी दवाओं का सेवन करना चाहिए। निबंध प्रतियोगिता में एमए हिंदी द्वितीय वर्ष की संजू ने पहला, एमए हिंदी प्रथम वर्ष की भारती ने दूसरा तथा बीए तृतीय वर्ष की मनीषा और एमए हिंदी द्वितीय वर्ष की काजल ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर हिंदी प्राध्यापक शिव शंकर, डॉक्टर सुरजीत सिंह, सुदेश कुमारी, मोनू कुमारी तथा संस्कृत प्रवक्ता कृष्ण कुमार मौजूद रहे।


झज्जर। शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्सावर्धन करते हुए मुख्यातिथि।

## शिविर में 70 युवाओं ने किया रक्तदान

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर कर्मवीर गुलिया ने की। इस दौरान हरियाणा फर्स्ट बटालियन रोहतक से कर्नल मनवीर सिंह धनखड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान होता है। रक्तदान करके हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। जोकि कि बड़ा ही पुण्य का कार्य है। हमें इस तरह के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। रक्तदान करने के बाद दो-तीन दिनों में ही दान किए गए रक्त की पूर्ति हो जाती है। उन्होंने युवाओं को वर्ष में कम से कम दो बार रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में स्थानीय रेडक्रॉस सोसायटी व नागरिक अस्पताल गुरुग्राम की चिकित्सकीय टीम ने सेवाएं दीं। इस दौरान 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर रणदीप चौहान, डॉक्टर आशीष, डॉक्टर सोमबीर, वंदना, रिया, तनु ने भी रक्तदान किया।

## विद्यार्थियों ने किया गुरूकुल महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों ने मंगलवार को गुरुकुल महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण करते हुए अनेक प्रकार की जानकारियां प्राप्त की। उन्होंने पुरातत्व संग्रहालय में पुरातात्विक अवशेषों जैसे- पुराने सिक्के, इमारतों के अवशेष, पुरानी मूर्तियां, बर्तन, खिलौने, ताम्र-पत्र आदि को देखकर उनके बारे में ज्ञान प्राप्त किया। प्राचीन डाक टिकटों व वेदों को देखा और उनके बारे में जाना। उन्होंने आयुर्वेदिक च्वयनप्राश व औषधियों को बनाने की विधि के बारे में जाना। हवनकुंड, गौशाला, अखाड़े आदि का भी भ्रमण किया। इसके बाद कुश्ती भवन में आचार्य विजयपाल व आचार्य नरेश शास्त्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एक सफल व अनुशासित जीवन के नियमों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जीवन में इन पांच प्रमुख नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। जैसे-विद्या, विनय, व्यायाम, ब्रह्मचार्य और वंदना। उन्होंने प्राचीन शिक्षा प्रणाली के महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया और बताया कि किस प्रकार ब्रिटिश शासन ने हमारी शिक्षा प्रणाली को अवरूद्ध किया और पाश्चात्य शिक्षा को बढ़ावा दिया।


झज्जर। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान गुरूकुल महाविद्यालय में मौजूद विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल खिलाते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

## बच्चों की खिलाई एल्बेंडाजोल

**झज्जर।** मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिलानी के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में 0 से 1वर्ष तक के विद्यार्थियों को आधी गोली और 2 से 19 साल तक के सभी बच्चों को एक-एक गोली खिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मी आनंद कुमार व जगदीप सिंह ने विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए बताया कि अगर एलबेंडाजोल की टेबलेट समय पर नहीं ली जाए तो पेट में कीड़े हो जाते हैं, जिससे बच्चों में खून की कमी हो जाती है। ऐसे में जहां उनका मानसिक और शारीरिक विकास भी रुक जाता है वहीं अन्य बीमारियां होने का भय भी बना रहता है। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता निशा देवी ने बताया कि उनका यह कार्यक्रम आगामी 18 फरवरी तक चलेगा। इस मौके पर आशा वर्कर सुमित्रा, पिंकी, सरला, पूनम सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# एल ए स्कूल में विद्यार्थियों को खिलाई एलबेंडाजोल टेबलेट



झज्जर। विद्यार्थियों को एलबेंडाजोल की टेबलेट खिलाते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को एल ए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एएनएम चंद्रपति और आशावर्कर प्रवीण ने विद्यार्थियों को एलबेंडाजोल की टेबलेट खिलाई। स्कूल प्रबंधक केएम डागर व स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि करीब 11 सौ विद्यार्थियों को एलबेंडाजोल की टेबलेट खिलाई गई। इस दौरान जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, मुकेश शर्मा, रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, अमित लोहचब, संजीत सांगवान सहित


झज्जर। क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षक एवं शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

## शिक्षकों को दी शिक्षण कार्य सुगम बनाने की जानकारी

**झज्जर।** एमआर स्कूल हसनपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पंचकूला द्वारा आलोचनात्मक और रचनात्मतक मंच विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य केएन दास की देखरेख में आयोजित सीनियर सैकेंडरी स्तर के इस कार्यक्रम में पिलानी के बिरला स्कूल से प्राचार्य धीरेन्द्र सिंह ने स्कूल के शिक्षकों को जागरुक किया। उन्होंने शिक्षण कार्य को विद्यार्थियों के लिए सुगम बनाने तथा कार्य में आने वाली समस्याओं व उनके निवारण बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच को विकसित करने संबंधी विभिन्न बिन्दुओं पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को बोर्ड द्वारा नवीनतम परिवर्तन से संबंधित जानकारी को सांझा करना रहा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को नवीनतम विधियों और प्रक्रियाओं का उपयोग करके समाधान करना सिखाया गया। स्कूल निदेशक सोमबीर कोडान ने प्रशिक्षकों स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# बच्चे देश की धरोहर, उन्हें स्वस्थ रखना सभी की जिम्मेवारी: चेयरमैन

**झज्जर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस लाइन स्थित डीएवी स्कूल से किया गया। सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने डीएवी स्कूल प्राचार्य संतोष तिवारी, सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह व जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना के साथ मिलकर दीप प्रवजलित करने उपरांत स्कूली विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश की धरोहर हैं। जब तक बच्चे स्वस्थ नहीं होंगे तब तक देश भी स्वस्थ नहीं हो सकता। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम सराहनीय है। ऐसे अभियानों में हमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और अपने बच्चों को पेट की कीड़े मारने वाली एल्बेंडाजोल गोली जरूर खिलानी चाहिए। सिविल सर्जन डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग आमजन को स्वस्थ रखने के लिए लगातार अपना अभियान चल रहा है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों का स्वास्थ्य स्वस्थ रखने में आगे आएं।



झज्जर। एल्बेंडाजोल खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए चेयरमैन जिले सिंह सैनी। फोटो :हरिभूमि

### 18 फरवरी को भी खिलाएंगें गोलियां

सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने बताया कि जिले भर में 1 साल से 19 साल तक प्रत्येक बच्चे व 20 साल से 24 साल तक की लाभार्थी महिलाओं को सभी शिक्षण संस्थाओं, आंगनबाड़ी, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ईंट भट्ठों आदि पर पहुंच कर एल्बेंडाजोल खिलाई गई है। इस दौरान जो बच्चे गोली खाए बिना रह गए हैं उन्हें मॉपअप दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत 18 फरवरी को गोली खिलाई जाएगी ताकि जिले में कोई भी बच्चा एल्बेंडाजोल गोली खाए बिना ना रह सके।

## साइंस एग्जीबिशन में राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ तृतीय

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय गुरुग्राम में आयोजित जिला स्तरीय साइंस एग्जीबिशन मॉडल प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भूगोल विभाग के अध्यक्ष ओमबीर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग, भौतिकी एवं भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें ग्लोबल वार्मिंग पर आधारित मॉडल को तृतीय स्थान मिला। प्रदर्शित मॉडल में दिखाया गया कि बढ़ता प्रदूषण और तापमान पर्यावरण के लिए कितना खतरनाक होता है, हमें इसे हर हाल में कम करना होगा। प्राचार्य डॉक्टर अनीता रानी व साइंस एक्जीबिशन प्रभारी डॉक्टर शिवानी ने विजेता छात्रा रूचि व अंजलि को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। कार्यशाला में लोगों को जागरूक करते हुए डीसी प्रदीप दहिया।

## कार्यशाला में डिजिटल अरेस्ट, साइबर बुलिंग ऑनलाइन ठगी जैसे विषयों पर हुआ मंथन

**झज्जर।** साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। इंटरनेट का इस्तेमाल करते हुए किसी भी तरह का लालच देने वाली पोस्ट पर क्लिक नहीं करना चाहिए। यह बात डीसी प्रदीप दहिया ने मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर संवाद भवन में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते कही। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का इस्तेमाल करते वक्त जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। जल्दबाजी में इंटरनेट पर एक गलत क्लिक करने से साइबर अपराध का शिकार हो सकते हैं। डीआईओ अमित बंसल ने पीपीटी के माध्यम से साइबर अपराध से बचने के लिए छोटी-छोटी चीजों को बारीकी से बताया। वहीं साइबर एक्सपर्ट्स एएसआई दीपक व मनदीप ने बताया कि साइबर अपराधी बेहद शातिर ढंग से लोगों को अपने चंगुल में फंसाते हैं। जैसे सरकारी वेबसाइट्स व एप के क्लोन तैयार करके शातिर ठग ठगी करते हैं। इसके अलावा वर्तमान में वाइस क्लोन के जरिये मिलती जुलती आवाज तैयार करके जानकारों से ठगी करने का प्रयास करते हैं। साइबर अपराध के तरीकों के बारे में एक्सट्र्स ने विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, डेटा चोरी, सोशल मीडिया हैकिंग जैसे साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर प्रकाश डाला।

# स्वयंसेवकों व एनसीसी कैडेट्स को दी आग पर काबू पाने की जानकारी

■ उपकरणों को चलाने का अभ्यास करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में हरियाणा अग्निशमन व आपातकालीन सेवा विभाग द्वारा एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स को आग पर काबू पाने के तरीकों की जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारी सचिन कुमार ने टीम सदस्यों के साथ संस्थान के एनसीसी कैडेट्स और स्वयंसेवको को विभिन्न तरह की आग बारे जानकारी देते हुए उन पर काबू पाने के उपायों से अवगत कराया। आग से बचाव व आग लगने की स्थिति में उसे बुझाने के लिए प्रयोग होने वाले विभिन्न तरीकों व उपकरणों के बारे भी जानकारी दी गई तथा उपकरणों को चलाने के अभ्यास कराया। इस मौके पर प्राचार्य दिगपाल सिंह, भावना, शीशपाल, सतेंद्र वशिष्ठ, अनीता, सुमित सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। आग बुझाने वाले उपकरणों को चलाने का प्रशिक्षण देते हुए अग्निशमन अधिकारी। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। कार्यभार संभालने पर वीरेंद्र मलिक को बधाई देते हुए जिला निपुण संयोजक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया व अन्य। फोटो :हरिभूमि

## जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक ने संभाला कार्यभार

**झज्जर।** मंगलवार को डाइट मदीना के प्राचार्य वीरेंद्र मलिक ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के रूप में अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया है। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्टाफ, जिला निपुण संयोजक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया, डाइट मदीना से मनजीत, सुमन, सुनील और राजबीर के साथ वीरेंद्र मलिक को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि उनके कुशल नेतृत्व में जिले का शिक्षा तंत्र और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने बताया कि वीरेंद्र मलिक को दादरी जिले के जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्य करने का अनुभव है। उनके नेतृत्व में डाइट मदीना ने शिक्षकों के प्रशिक्षण और शैक्षिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है।

# डायमंड जुबली जंबूरी के प्रतिभागी स्काउट्स एंड गाइड सम्मानित

■ विद्यार्थियों को स्काउट एवं गाइड की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया

**झज्जर।** मंगलवार को पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भारत स्काउट गाइड की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर तमिलनाडू के त्रिची में आयोजित डायमंड जुबली जंबूरी में भागीदारी करने वाले स्काउट्स एंड गाइड्स दल के 57 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। डीओसी स्काउट एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र ने बताया कि जंबूरी में डोआसी गाइड मैनावंती सहित जिले के 57 प्रतिभागियों भाग लेते हुए हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। जंबूरी के दौरान दल के सदस्यों ने पायनियरिंग, कलर पार्टी, परेड, बैंड, रंगोली, प्रदर्शनी, फूड प्लाजा, कैंप फायर, ग्रुप डांस, स्टेट गेट, कैंप क्राफ्ट, पीजेंट शो, ग्लोबल विलेज आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में सराहनीय प्रदर्शन किया वहीं स्टेट गेट में टॉप ग्रेड लेवल हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर प्रार्थना सभा में प्रतिभागी दल के सदस्यों को सम्मानित किया गया। स्काउट मास्टर नरेंद्र एवं गाइड कैप्टन सीमा ने जहां विद्यार्थियों को स्काउट एवं गाइड की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया वहीं गाइड कुमारी ममता ने प्रार्थना सभा में तमिलनाडु जंबूरी के अनुभव भी सांझा किए। इस मौके पर नरेश, सतीश, कमल, कुलदीप, सुनील, मनीषा, सुनील, कप्तान, इंद्रजीत, रितु सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। प्रार्थना सभा के दौरान मंच पर मौजूद प्रतिभागी दल के सदस्य।

## खबर संक्षेप

### संस्थान का उद्घाटन समारोह आज

**बहादुरगढ़।** औद्योगिक नगरी बहादुरगढ़ में युवाओं को रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से इंडस्ट्रियल सर्टिफाइड अकाउंटेंटस प्रशिक्षण संस्थान की शुरुआत की गई है। बुधवार 12 फरवरी को गणपति धाम स्थित एमके टावर में संस्थान का उद्घाटन समारोह होगा। इस बारे में जानकारी देते हुए डायरेक्टर अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि इस संस्थान का उद्देश्य युवाओं को इंडस्ट्रियल अकाउंटिंग में व्यावहारिक और तकनीकी कौशल प्रदान कर उन्हें उद्योगों में सीधे कार्य करने के लिए सक्षम बनाना है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों को इंडस्ट्रियल अकाउंटिंग, जीएसटी एवं टैक्सेशन, वित्तीय विश्लेषण, ऑडिटिंग, पेरोल प्रबंधन और ईआरपी सॉफ्टवेयर जैसे विषयों में विशेषज्ञता दी जाएगी।

### नयागांव में कमरे से मोबाइल चोरी

**बहादुरगढ़।** स्थित एक मकान में चोरी हो गई। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। यहां के निवासी पंकज का कहना है कि रात को वह और उसकी पत्नी सो रहे थे। सुबह करीब पांच बजे आंख खुली तो वह वॉशरूम में चला गया। कमरा खुला रह गया। इसी दौरान कोई आात युवक मेरे कमरे में घुसा और बेड के सिरहाने पर रखे हम दोनों के मोबाइल लेकर चंपत हो गया।

### जहर निगलने से महिला की मौत

**बहादुरगढ़।** लाइनपार क्षेत्र की निवासी एक महिला की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतका की पहचान सुनीता के रूप में हुई है। पेशे से शिक्षक थी। जानकारी के अनुसार, सोमवार को उन्होंने जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान मौत की पुष्टि कर दी गई। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस ने जांच शुरू की। बताते हैं कि वह मानसिक रूप से परेशान थी। भूलवश जहर निगला या कोई और वजह रही, अभी ये तफ्तीश का विषय है।

ब्रेक नहीं लगने के कारण छारा टोल प्लाजा पर हादसा

# कार को टक्कर मारने के बाद टोल बूथ में घुसा अनियंत्रित ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छारा टोल प्लाजा पर मंगलवार की दोपहर को जबरदस्त हादसा हो गया। यहां एक अनियंत्रित ट्रक कार को टक्कर मारने के बाद टोल बूथ से जा टकराया। बूथ के बुरी तरह से परखच्चे उड़ गए। एक कर्मचारी भी चोटिल हो गया। मांडोठी चौकी पुलिस मामले में जांच कर रही है।

यह हादसा करीब ढाई बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, एक ट्रक सांपला से झज्जर की ओर जा रहा था। जब छारा टोल प्लाजा के निकट पहुंचा तो अनियंत्रित हो गया। ब्रेक नहीं लगे और एक कार से टकरा गया। कार से टक्कर के बाद वह टोल के एक बूथे/केबिन में जा घुसा। केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। केबिन में सचिन नाम का एक कर्मचारी काम कर रहा था। उसकी कमर में चोट आई है। सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। ट्रक के अनियंत्रित होने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है लेकिन इस वजह से टोल प्लाजा में नुकसान बहुत हो गया है। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। आरोपी ट्रक चालक को भी पकड़ा गया है। चौकी प्रभारी जयभगवान सिंह का कहना है कि टोल प्लाजा पर दुर्घटना हुई है। मौके पर टीम जांच करने गई है। शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



बहादुरगढ़। छारा टोल प्लाजा के बूथ से टकराया ट्रक।

### कार की टक्कर से युवक की मौत, बच्ची घायल

नेशनल हाइवे पर एक बीती देर शाम को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तारी कार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि आठ साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। मृतक की पहचान करीब 35 वर्षीय पिंटू के रूप में हुई है। मूलतः यूपी से था। यहां रोहद में रह रहा था। जबकि आठ वर्षीय मुस्कान घायल हुई है। पुलिस को दी शिकायत में फरुखाबाद यूपी के निवासी राजकुमार ने कहा है कि सोमवार की शाम को हम रोहतक-दिल्ली रोड पर झिलमिल ढाबे के पास सड़क किनारे ऑटो का इंतजार कर रहे थे। मेरा भांजा पिंटू व भांजी मुस्कान आगे की तरफ थे। इसी दौरान बहादुरगढ़ की तरफ से तेज गति में एक कार आई। पिंटू और मुस्कान कार की चपेट में आ गए। उन्हें गंभीर चोट आई। उन्हें अस्पताल में ले जाया गया, जहां पिंटू को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि मुस्कान को पीजीआई रेफर कर दिया गया।

# झगड़े में बीचबचाव करने वाले युवक के सीने पर चाकू मारा, घायल पीजीआई रेफर

## लाइनपार क्षेत्र में हुई वारदात, पुलिस ने केस दर्ज किया


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लाइनपार क्षेत्र में झगड़े में बीच बचाव करने वाले एक युवक की छाती पर चाकू से वार कर दिया गया। इस हमले में उसे गंभीर चोट आई। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। तबीयत में सुधार होने पर उसने पुलिस को शिकायत दी है। लाइनपार थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में नेताजी नगर के निवासी निशांत ने कहा है कि नाहरा नाहरी फ्लाईओवर के नीचे लाइनपार क्षेत्र में हमारे दोस्त प्रिंस की दुकान है। रात को मैं और साहिल अपने दोस्त प्रिंस के साथ उसकी दुकान के पास खड़े थे। तभी वहां पर अमित नाम का युवक आ गया। वह प्रिंस के साथ झगड़ने लगा और उस पर छुरी से वार करने लगा। मैं बीच बचाव करने लगा तो उसने मेरी छाती में छुरी मार दी। खून बहने लगा तो मेरे साथियों ने मुझको संभाला और अस्पताल ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया।

आरोपी ने हमें जान से मारने की धमकी भी दी थी। वहीं झगड़े में प्रिंस और साहिल को भी चोट आई है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। झगड़े की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। लाइनपार थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# रेखाचित्र से संत रविदास को नमन किया

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में मुकेश शर्मा व उनकी बेटी अंशुल शर्मा ने गुरु रविदास की जयंती के उपलक्ष्य में एक रंगोली रेखाचित्र बनाकर उन्हें शत-शत नमन किया। मुकेश शर्मा ने बताया कि संत रविदास ने बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी। उनके उपदेशों और शिक्षाओं से आज भी समाज को मार्गदर्शन मिलता है। इस चौपाल रंगोली में भूतपूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, रमेश कौशिक, नसीब कौशिक, रामवतार शर्मा, देवेंद्र शर्मा,नरेंद्र शर्मा, नंद किशोर शर्मा,राजेश्वर वशिष्ठ, खुशहाल शर्मा, केशव शर्मा,अर्जुन शर्मा, अलीशा शर्मा ने गुरु रविदास को नमन किया।



# बढ़ते तापमान ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

तापमान में हो रही बढ़ोतरी के कारण किसानों को अपनी फसलों को लेकर चिंता सताने लगी है। किसानों को गेहूं की फसल खराब होने का भय सताने लगा है। किसानों का कहना है कि तापमान में ऐसे ही बढ़ोतरी होती रही और बारिश नहीं हुई तो गेहूं की पैदावार कम होगी। उन्होंने कहा कि गेहूं की अच्छी फसल के लिए अभी सर्दी की जरूरत है। तापमान में वृद्धि होने से पौधों की ग्रोथ रूक जाएगी और वह अभी से पकने लगेंगी। जिसके कारण किसान को नुकसान होगा। मंगलवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। किसान कृष्ण गुलिया, राकेश चाहार ने बताया कि बीते कुछ दिनों में दिन और रात के तापमान में काफी अंतर आ रहा है। जिसके कारण किसानों को अपनी फसलों को लेकर चिंता सताने लगी है। उन्होंने कहा कि तापमान में बढ़ोतरी से पैदावार कम होगी और गेहूं का दाना भी पतला होगा। वहीं तापमान में बढ़ोतरी होने से बीमारियां फैलने की संभावना है।



झज्जर। खेतों में गेहूं की फसल।

# अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के सदस्यों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, बकाया वेतन देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर अधीक्षक अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में कर्मचारियों ने बताया कि ज्ञापन में मुख्य रूप से विभाग रोल व डीसी रेट के कर्मचारियों की बकाया वेतन दिलाने, अनुबंध कर्मचारियों का डाटा एचआरएमएस 2.0 पर जल्द से जल्द अपलोड करने की मांग रखी गई है। इस दौरान उन्होंने सुप्रिटेंडेंट को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिला सचिव नीरज ढुल, जिला उपाध्यक्ष धीरज गुलिया, चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष सरवन मोर, सह कोषाध्यक्ष राकेश, प्रेस सचिव बिजेंद्र , कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप, ललिता मौजूद रहे।



झज्जर। विभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के सदस्य।

# गोली मारने वाले पकड़ से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

खेड़का गुर्जर में युवक को गोली मारने वाले आरोपियों की तलाश में बादली थाने की पुलिस भागदौड़ कर रही है लेकिन अभी तक आरोपियों का कुछ सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस द्वारा जल्द ही वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है।

दरअसल, करीब 21 वर्षीय राहुल रविवार को अपने घर पर था। इसी दौरान रात को गांव के निवासी दो युवक उसके घर के बाहर आए। कुछ देर बातचीत के बाद जब राहुल अपने मकान में जाने लगा तो पीछे से उस पर गोली चला दी गई। गोली उसकी कमर में लगी। फिलहाल राहुल उपचाराधीन है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है लेकिन बयान देने की हालत में नहीं है। गांव के निवासी चंद्रपाल व गौरव पर गोली चलाने का आरोप है। किन कारणों के चलते गोली चलाई गई, यह अभी स्पष्ट नहीं है। दो दिन बीत जाने के बाद भी मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। बादली थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# कृमि मुक्त कार्यक्रम की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

स्वास्थ्य विभाग बराही की टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली खिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एल्बेंडाजोल गोली के खाने का तरीका व उससे होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। स्कूल की ओर से डीडीओ उर्मिला कुमारी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का स्वागत किया तथा बच्चों को इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीम में भगवती, अनिल कुमार, सरोज बाला और बबीता आदि शामिल थी। देवेंद्र, सुनीता, रेखा, गीता, रितु, सुदेश, अंजू, रवींद्र आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



# पत्नी को दवा दिलाने दिल्ली गया हुआ था जवान, घर से चोरी हुए नकदी और जेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव बहू में सीआईएसएफ में कार्यरत जवान के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में रोहताश कुमार ने बताया कि सीआईएसएफ में दिल्ली नौकरी करता है। उसकी पत्नी मंजू बीमार रहती है जिसके चलते वह कभी-कभी उसे भी उपचार के लिए दिल्ली लेकर जाता रहता है। बीती चार फरवरी को भी वह अपनी पत्नी को उपचार के लिए दिल्ली गया हुआ था। उसने अपने मकान का मुख्य दरवाजा बंद कर मकान की चाबी अपने भाई जयप्रकाश को सौंप दी थी। इसके बाद जब सोमवार को वह वापिस लौटा तो उसने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ था। जब उसने अंदर जाकर देखा तो कमरों में भी सामान बिखरा पड़ा था तथा अलमारी का ताला टूटा हुआ था। जब उसने चोरी हुए सामान का जायजा लिया तो उसके घर से सोने व चांदी के आभूषणों के अलावा घर में रखी एक लाख अस्सी हजार रुपये की नकदी भी गायब थी। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित द्वारा चोरी किए हुए आभूषणों की सूची भी दी है। इस संबंध में पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

दुकानों का सामान निश्चित सीमा में रखने की चेतावनी

# बाजार से नप टीम ने हटवाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत कर्मचारियों द्वारा दुकानदारों को अपनी दुकानों का सामान निश्चित सीमा में रखने की चेतावनी दी गई।

मंगलवार को सफाई दरोगा संजय, अमित व मनोज ने टीम सदस्यों के साथ शहर के कच्चा बादली रोड का दौरा करते हुए दुकानदारों द्वारा निश्चित सीमा से बाहर सड़क पर रखे सामान को हटवाते हुए उन्हें चेतावनी दी की अगर भविष्य में उनका सामान सड़क पर रखा दिखाई देता है तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। कर्मचारियों के पहुंचने के बाद अधिकतर दुकानदार अपने सामान को भीतर रखते हुए नजर आए। टीम में उनके साथ नगर परिषद के कर्मचारी विक्की, विकास, राजपाल, सुरेंद्र, कृष्ण सहित अन्य भी मौजूद रहे। सफाई दरोगा मनोज ने बताया कि उनका यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। अतिक्रमण सहन नहीं होगा।



झज्जर। कच्चा बादली रोड से अतिक्रमण हटवाते हुए नगर परिषद टीम के सदस्य।

### बेरी में अवैध कॉलोनी काटने पर कार्रवाई

**झज्जर।** जिला प्रशासन ने बेरी तहसील में भू-माफियाओं द्वारा काटी जा रही अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए संबंधित खसरा नंबरों पर जमीन की बिक्री व खरीद पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी है। बेरी में बगैर लाइसेंस/सीएलयू/एनओसी के अवैध कॉलोनी विकसित करने के प्रयासों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। जिला नगर योजनाकार ने जानकारी दी कि बेरी गांव के मुस्तिल नंबर/किल्ला नंबर 100//1,2,3,8,9,10,11,12 पर सेल्स डीड, एग्रीमेंट ऑफ सेल, फुल पेमेंट एग्रीमेंट और पावर ऑफ अटॉर्नी जैसी सभी गतिविधियों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस कार्रवाई का उद्देश्य नागरिकों को भूमि से जुड़े किसी भी तरह के धोखाधड़ी से बचाना और अवैध कॉलोनीकरण पर रोक लगाना है।

# दूषित पेयजल सप्लाई से लोगों को परेशानी



बहादुरगढ़। बोतल में भरा दूषित पानी दिखाते फ्रेंड्स कॉलोनीवासी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के वार्ड-7 के अधीन लगती फ्रेंड्स कॉलोनी में दूषित पानी सप्लाई होने से लोग परेशान हैं। यहां के लोगों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है। मनोज दीक्षित, अनिल, सुमित्रा, सरला, सुनीता, माया, काजल आदि का कहना है कि उनकी गली में दूषित पानी आ रहा है। इस पानी को पीना तो दूर, अन्य कामों में भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जनस्वास्थ्य विभागीय अधिकारियों को पीने के पानी की लाइनों की जांच करवानी चाहिए। जहां-जहां लीकेज लाइनें हैं या फिर किसी का कनेक्शन लीक है तो उसका पता लगाकर ठीक करवाना चाहिए ताकि लोगों को दूषित पानी पीने को न मिलें। लोगों ने कहा कि दूषित पानी पीने से टाइफाइड, पीलिया व अन्य जलजनित बीमारियों के होने का अंदेशा बना रहता है। जिन घरों में पानी गंदा सप्लाई हो रहा है, उन्हें दूर-दराज टैंकरों से पानी लेकर आना पड़ता है। समस्या का समाधान होना चाहिए।